# कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की चोदहवीं बैठक दिनांक 06.03.2025 की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज की चोदहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन डॉ आर0 के0 सोहाने, निदेशक, प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2025 को कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ के0 सत्यनारायण, सह–अधिष्ठाता–सह–प्राचार्य, डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज, डा0 राजीव सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज, जिला कृषि पदाधिकारी, केन्द्र के सभी वैज्ञानिक, संबद्ध विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी , गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जिले के कृषक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

तकनीकी सत्र के दौरान वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने केन्द्र की जुलाई, 2023 से फरवरी, 2025 तक का प्रगति प्रतिवेदन एवं जनवरी, 2025 से दिसम्बर 2025 तक की कार्ययोजना प्रस्तुत किया। इस बैठक में तेरहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई जिसे सदन द्वारा संपुष्ट किया गया।

<u>**उपस्थिति : पंजी संधारित**</u>

**बैठक में उपस्थित सदस्यों से आपसी विचार विमर्श के उपरांत निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मती से पारित किये गये :**

1. खेती बिना खेती के अन्तर्गत ऑयस्ट एवं बटन मशरूम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं प्रत्यक्षण कराया जाय जिससे किसानों की पोषण सुरक्षा एवं आय में वृद्धि हो।

   **(क्रियान्वयन : विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान)**

2. खरीफ मौसम में उपरी जमीन पर मडुआ/रागी एवं रबी मौसम के लिए कट्टु (Buck Wheat) / Pseudo Millet का प्रत्यक्षण किया जाय।

   **(क्रियान्वयन : सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ )**

3. जिले में हो रही ड्रैगन फ्रूट्र की खेती में अन्तर्वती खेती हेतु किसानों जागरूक किया जाये।

   **(क्रियान्वयन : विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान )**

4. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों के बीच वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन हेतु प्रशिक्षण एवं वर्मीबेड के प्रदर्शन के माध्यम से वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन कराया जाये।

   (क्रियान्वयनः नोडल, **SCSP / Co-PI, TSP**)

5. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण में जूट, सबौर राईजोबियम एवं सबौर पी0 एस0 बी0 को शामिल करने का सुझाव दिया गया।

   **(क्रियान्वयनः सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)**

6. कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के प्राथमिकता आधारित कार्य क्षेत्र में चाय और सिल्क को जोड़ा जाय।

   **(क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान )**

7. किशनगंज जिले में मुर्गी/बत्तख पालन पर प्रशिक्षण कृषि पशु चिकित्सा महाविद्यालय, किशनगंज से समन्वय स्थापित कर आयोजित किया जाय।

**(क्रियान्वयन : डा0 अलीमुल इस्लाम, प्रभारी, प्रशिक्षण )**

8. जिले के उद्यान से संबंद्ध विभाग द्वरा योजनाओं से संबंधित प्रत्यक्षण दिये जाने से पहले संबंधित किसान को संबंधित प्रत्यक्षण विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज द्वारा प्रशिक्षण दिया जाय।

**(क्रियान्वयन : उद्यान विभाग / विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान )**

9. मृदा स्वास्थय प्रबंधन हेतु फसल चक्र में मूंग एवं हरी खाद के रूप में ढैंचा के बढ़ावा हेतु प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाय।

**(क्रियान्वयन : विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य/कृषि प्रसार )**

10. डी. डी. एम. नाबार्ड द्वारा नाबार्ड के समन्वय से FPO को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर नये FPO का गठन को प्रोत्साहित किया जाय।

**(क्रियान्वयन : विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि प्रसार )**

कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के डा0 अलीमुल इस्लाम, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि प्रसार ने सम्मान के साथ धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की समाप्ति की।

8/3/2025
**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज**

**पत्र संख्या : 570 /कृ0वि0क0, किशनगंज** **दिनांकः 08/03/2025**

**प्रतिलिपिः** निदेशक, अटारी, जोन–IV पटना/निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर/ सह–प्राचार्य–सह–अधिष्ठाता, डा0 कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज/ सभी सदस्य, वैज्ञानिक सलाहाकार समिति/संबंधित वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी, किशनगंज को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/3/2025
**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज**